चित्रकूट-पुलिस

(1). "मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा "मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।
इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-
1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।
2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।
3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।
महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ
1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन
1090 – वीमेन पावर लाइन
181 – वीमेन हेल्पलाइन
112 – पुलिस आपातकालीन सेवा
102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस
108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा
1098 – चाइल्ड लाइन
101 – अग्निशमन सेवा
1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।
इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

(2). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी सीतापुर श्री यदुवीर सिंह व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त पिंटू निषाद पुत्र छोटे लाल निवासी ग्राम कपसेठी थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त क विरुद्ध कोतवाली कर्वी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

<u>गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-</u>

1.चौकी प्रभारी सीतापुर श्री यदुवीर सिह

2.आरक्षी रविन्द्र राठौर

3.आरक्षी अनुज

4.आरक्षी रवि शंकर

5.आरक्षी नागेश

(3). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री निशिकांत राय के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री कन्हैया बख्श सिंह व उनकी टीम द्वारा मु0सं0 94/17 धारा 379,411 भादवि0 व 4/21 खान खनिज अधिनियम के वारंटी अभियुक्त सुशील सिंह पटेल पुत्र ज्ञान सिंह निवासी हल्दी डाड़ी थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-

1.उ0नि0 श्री कन्हैया बख्श सिंह

2. मुख्य आरक्षी रुद्रपाल सिंह

3. आरक्षी आरिफ अंसारी

(4). माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, द्वारा मुख्य आरक्षी विरेन्द्र कुमार गुप्ता के उत्कृष्ट कार्य एव सुरक्षा क्षेत्र में विशिष्ट योगदान की भूरी-भूरी प्रशंसा करते करते हुए महाकुम्भ सेवा मेडल प्रदान किया गया। आज दिनांक 06.04.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा आरटीसी मेजर मुख्य आरक्षी विरेन्द्र कुमार गुप्ता को महाकुम्भ सेवा मेडल लगाकर मुख्य आरक्षी को कर्तव्य निष्ठा,सद्धभाव एवं कड़ी मेहनत के साथ ड्यूटी का निर्वहन करने तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकानाएं दी गयी।

(5). आज दिनांक 06.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह द्वारा आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों सहित समस्त पुलिस बल की गणना ली गई एवं IGOT कर्मयोगी साधना ऐप के बारे में दिशा निर्देश देकर समझाया गया और सभी अधिकारी कर्मचारियों को बताया गया कि उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए दिशा निर्देश का पालन करें। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि IGOT भारत सरकार के मिशन कर्मयोगी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो सरकारी कर्मचारियों के कौशल विकास और क्षमता निर्माण के लिए बनाए गए हैं।